आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 08.10.2024 समय: 2.10 PM

मतगणना

हरियाणा में अब तक के चुनाव परिणामों और रूझानों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी आगे चल रही है। विधानसभा चुनाव के पांच परिणाम मिल गए हैं। तीन सीट कांग्रेस ने और दो भाजपा ने जीती। शेष 85 सीटों में भारतीय जनता पार्टी 47 पर और कांग्रेस 31 सीटों पर आगे चल रही हैं. वहीँ,इंडियन नेशनल लोकदल, बहुजन समाज पार्टी और हरियाणा लोकहित पार्टी एक एक सीट पर बढ़त बनाये हुए हैं.

वहीँ, जम्मू और कश्मीर की कुल 90 सीटों में से फिलहाल नेशनल कांफ्रेंस 43, भाजपा 27 और कांग्रेस 8 सीटों पर बढ़त बनाये हुए हैं.

हरियाणा प्रतिक्रिया

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि हरियाणा में भाजपा सरकार के 10 सालों के काम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली का असर चुनाव परिणामों पर नजर आ रहा है और यही कारण है कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है.

आयकर अधिनियम समीक्षा

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर अधिनियम 1961 की समीक्षा के लिए आंतरिक समिति गठित की है। समिति का उद्देश्य अधिनियम को सरल, स्पष्ट और संक्षिप्त बनाना है। इससे विवाद और कानूनी मामले कम होंगे। करदाताओं को अधिक निश्चितता मिलेगी। मंत्रालय

ने सभी पक्षकारों, विशेषज्ञों और आम जनता से आयकर ई-फाइलिंग पोर्टल पर सुझाव मांगे हैं।

वायुसेना दिवस

भारतीय वायु सेना आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। वायुसेना दिवस का मुख्य उद्देश्य भारतीय वायुसेना की ताकत, संकल्प और सतर्कता को प्रदर्शित करना है।

क्षय रोग पहल

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने क्षय रोगियों और उनके संपर्क में आने वाले परिजनों को अधिक पोषण उपलब्ध कराने के लिए कई पहल की घोषणा की है। देश से क्षय रोग के उन्मूलन पर बल देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि नि-क्षय पोषण योजना के अंतर्गत सभी टीबी रोगियों के लिए उपचार के दौरान मासिक पोषण सहायता पांच सौ रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये कर दी गई है।

मैहर उत्सव

सुप्रसिद्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह आज से मैहर में शुरू हो रहा है। यह इस समारोह का स्वर्ण जयंती वर्ष है। समारोह में तीन दिनों तक देश की कई जानी मानी हस्तियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी।

महिला क्रिकेट

आईसीसी महिला टी-ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप में आज शाम ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला न्यूज़ीलैंड से होगा। दोनों टीमों ने प्रतियोगिता में अपने शुरुआती मैच जीते हैं।

समाचार संक्षेप में...

1. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल शिवपुरी जिले के ग्राम निवोदा में 3 बच्चों की डूबने से मृत्यु होने पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने बच्चो के परिजनों से मुलाकात की।

2. झाबुआ में जनपद पंचायत और नगर परिषद पेटलावद के समन्वय से सीएम राइस स्कूल में नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों और स्टाफ को नशा मुक्त रहने के लिए जागरूक किया गया।

3. नर्मदापुरम जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आय, जाति प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति के लिए बायोमेट्रिक ई-केवाईसी और समग्र पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

और

4. हिन्दी के महान कहानीकार मुंशी प्रेमचंद की आज पुण्यतिथि है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में उनके साहित्यिक अवदान का स्मरण किया।